(b) Doordarshan has not signed any agreement and is not seeking cooperation from outside sources for software and "informarion super highway technology".

(c) Does not arise.

Prasar Bharati Act

1016, SHRI N. GIRIP *ASAD:*
SHRI CHATURANAN MISHRA :
SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA

Will the Minister of INFORMATION * AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have not taken any steps to implement Prasar Bharati Act which was passed by the Parliament and received President's assent about four years ago; and

(b) if so, the details and reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) and (b) Government are considering amendments to certain sections of the Prasar Bharati (Broadcasting Corporaton of India) Act, 1990, before the Act is brought into force with a view to obviate opera'ional difficulties when the Act becomes operational.

आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले समाचारों की समीक्षा हेतु समिति

1017. **श्री अजीत जोगी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी द्वारा समाचार प्रसारित करने के तरीके की समीक्षा करने और उसमें सुधारों का सुझाव देने के लिए नियुक्त की गई समिति ने अपना प्रतिवेदन दे दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त समिति की सिफारिशों का ब्योरा क्या है ; और

(ग) इन सिफारिशों पर क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) ऐसी कोई समिति गठित नहीं की गई है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

दूरदर्शन पर सामयिक विषयों के कार्यक्रम

1018. **श्री अजीत जोगी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन पर सामयिक विषयों के कार्यक्रमों के चयन का मापदंड क्या है ;

(ख) दिल्ली दूरदर्शन और मद्रास दूरदर्शन का वर्ष 1993 के दौरान प्राप्त हुए ऐसे प्रस्तावों की संख्या कितनी है; और

(ग) प्रत्येक केन्द्र द्वारा प्रसारण हेतु चुने गये ऐसे कार्यक्रमों की संख्या कितनी है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) विषय की प्रासंगिकता, संकल्पना विश्लेषण, प्रस्तुत फार्मेट और निर्माता की विशेषज्ञता और योग्यता सामयिक विषयों का चयन करने हेतु मानदण्ड हैं ।

(ख) और (ग) दूरदर्शन को 353 प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें से 274 प्रस्ताव अनुमोदित किए गए । दिल्ली और मद्रास केन्द्रों को कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ और कमीशनिंग के लिए कोई प्रस्ताव अनुमोदित नहीं किया गया ।